प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

फसल नुकसान

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। उन्होंने कहा है कि केन्द्र सरकार स्थिति पर नज़र बनाए हुए है और किसानों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए संबंधित राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि स्थिति के आकलन के बाद ज़रूरी कदम उठाए जाएंगे।

अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अधिकारियों को निर्माणाधीन परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। ऊना में आज एक समीक्षा बैठक में उन्होंने बताया कि ज़िले में करीब एक हज़ार करोड़ रूप की पेयजल व सिंचाई योजनाओं के कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से समयबद्ध रूप से लोगों को पेयजल व सिंचाई सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। अग्निहोत्री ने संतोषगढ़ सीवरेज योजना के शेष कार्य को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए ताकि क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों और स्वास्थ्य संस्थानों में तकनीकी उन्नयन के लिए 3 हज़ार करोड़ रूपए से अधिक का निवेश करेगी। इससे लोगों को घर के समीप ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सोलन में एक कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि बीते 3 वर्षों में सरकार द्वारा किए गए कार्यों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।

शिक्षा मंत्री

राज्य सरकार ने शिक्षा क्षेत्र की मज़बूती के लिए इस वित्त वर्ष के बजट में 9 हज़ार 6 सौ 66 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले में जुब्बल उपमण्डल की कुड्डू पंचायत में एक जनसभा में बताया कि इस राशि से शिक्षा के आधारभूत ढांचे को मज़बूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोटखाई में केन्द्रीय विद्यालय स्वीकृत हुआ है और इस संस्थान के बनने से शिक्षा के स्तर में वृद्धि होगी। इससे पहले उन्होंने कुड्डू पंचायत में करोड़ों रूपए की विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास भी किए।

चम्बा भाजपा

प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य जयसिंह ने कांग्रेस सरकार पर जनता की मूलभूत सुविधाओं को छीनने का आरोप लगाया है। चम्बा ज़िले के बनियाग में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अपनी एक भी चुनावी गारंटी को पूरा नहीं कर पाई है। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि चम्बा ज़िले से सत्ता पक्ष के विधायक भी जनसमस्याओं को सुलझाने में विफल रहे हैं।

नड्डा

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कल देर शाम कुल्लू ज़िले के बंजार क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने इस हादसे में घायल हुए लोगों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। बंजार उपमण्डल के सोझा नामक स्थान पर हुए इस हादसे में एक पर्यटक वाहन के गहरी खाई में गिर जाने से 4 लोगों की मृत्यु हो गई थी जबकि 19 लोग घायल हुए हैं। ये सभी लोग दिल्ली से हिमाचल घूमने आए हुए थे।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं और कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा का समाचार है। पिछले 24 घंटों के दौरान ऊंची चोटियों पर बर्फ व निचले इलाकों में व्यापक वर्षा हुई है। मौसम के इस मिजाज से तापमान में भी कमी दर्ज की गई है। अधिक ब्यौरे के साथ ये रिपोर्ट.....

प्रदेश में अप्रैल माह की शुरूआत में ही बेमौसमी वर्षा, हिमपात और ओलावृष्टि का दौर चल रहा है। लाहौल–स्पिति, किन्नौर, कुल्लू और चम्बा ज़िले के ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात और निचले इलाकों में वर्षा से जनजीवन पर असर पड़ा है। ताज़ा बर्फबारी से जनजातीय ज़िला लाहौल–स्पीति में कुल एक सौ 45 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं और करीब एक सौ 90 विद्युत ट्रांसफार्मर प्रभावित हैं। लाहौल क्षेत्र में एक सौ 34 जबकि स्पीति में 11 सड़कें बर्फबारी के कारण अवरूद्ध हैं। हालांकि जलापूर्ति योजनाओं में कोई बाधा नहीं है। ज़िला प्रशासन ने लोगों से एहतियात बरतने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। प्रदेश भर में हो रही बेमौसमी वर्षा और ओलावृष्टि से फलदार पौधों और फसलों पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भी ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात व अन्य स्थानों पर कहीं–कहीं वर्षा की संभावना जताई है।